# जी लूंगा संसार के बिना | By Sonu Singla

होश संभाला जबसे मैं तेरा नाम पुकारूँ
रोज़ सुबह उठकर पहले तेरी तस्वीर निहारूं
कैसे रहूं तेरे दीदार के बिना
जी लूंगा मैं संसार की बिना .......
कैसे जीऊंगा तेरे प्यार के बिना
जी लूंगा मैं संसार की बिना .......

भोला हूँ पर इतना भी नादान नहीं हूँ कन्हैया
मुझे पता है बिन मांझी के कौन चलाता नैया
नैया चले न पतवार के बिना
जी लूंगा मैं संसार की बिना .......

गिरने से पहले मेरे हाथों को तुमने थामा
इज़्ज़त की नज़रों से सोनू देखे मुझको ज़माना
ये होता ना तेरे उपकार के बिना
जी लूंगा मैं संसार की बिना .......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a5%82%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-sonu-singla/